तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024



11 मंदिरों में जले ज्योत, पंडालों में विराजीं मां दुर्गा




12 जल जगार महोत्सव : प्रतिभागी, दर्शक, व्हीव्हीआईपी, व्हीआईपी के ...





## नवरात्रि विशेष



### द्वितीय : ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## खबर संक्षेप

### तहसील ग्राम पटेल संघ की बैठक 5 को

**कुरूद।** कुरूद तहसील के ग्राम पटेल की बैठक 5 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11 बजे पुरानी कृषि उपज मंडी कुरूद में रखी गई है। मोहरलाल साहू ने मासिक बैठक में सभी ग्राम पटेल से उपस्थित होने की अपील की है।

### चैतन्य देवियों की झांकी 6 से

**अंवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा के तत्वावधान में इस वर्ष भी चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ 6 अक्टूबर रविवार को होगा।

### आज से सत्संग समारोह एवं आत्म चिंतन शिविर

**धमतरी।** संत कबीर सेवा संस्थान देवपुर एवं यथार्थ फाउंडेशन धमतरी के तत्वावधान में 4 से 6 अक्टूबर तक तीन दिवसीय सत्संग समारोह एवं आत्म चिंतन शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्य वक्ता सूरत गुजरात के संत गुरुभूषण साहेब होंगे। संस्थान के संरक्षक संत रविकर साहेब ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### गंगरेल में जल जगार महोत्सव 5 एवं 6 को

**धमतरी।** आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को जिले के पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में जल जगार महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 5 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने जल जगार महोत्सव के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी की नियुक्ति की है। उन्होंने जल संसाधन विभाग स्थित वर्कशॉप पार्किंग स्थल के लिए नायब तहसीलदार जितेन्द्र डहरे और रूद्री हेलीपेड स्थल में डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह धुरव को कार्यपालिक दण्डाधिकारी के तौर पर नियुक्त किया है।



- कलेक्टर नम्रता गांधी ने नियुक्त किया कार्यपालिक दण्डाधिकारी

## नवरात्र प्रारंभ : अमेरिका, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों में रहने वाले एनआरआई जला रहे ज्योत

# मां आदिशक्ति की भक्ति में सराबोर हुआ अंचल



मां विंध्यवासिनी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गुरुवार से पूरा अंचल शक्ति की भक्ति में डूब गया है। प्रमुख देवी मंदिरों में हजारों की संख्या में आस्था की ज्योति जगमगाने लगी है। नगर की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी तथा गंगरेल स्थित मां अंगारमोती के दरबार में अमेरिका, कनाड़ा, इंग्लैंड से मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित हो रही है।

नगर की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर में शाम 6 बजे घट स्थापना का विधान शुरु हो गया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि यहां घृत ज्योति प्रज्वलित की गई है। इस साल दुबई में रहने वाले रूपल प्रमोद गायकवाड़, अमेरिका निवासी श्रुतिका रोहन गोरे, आस्ट्रेलिया निवासी कुणाल देवांगन, पोलैंड की रेयांश रेशमा, योगेश चंद्राकर एनआरआई द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। इसके अलावा स्थानीय सहित विभिन्न प्रदेशों से 2500 ज्योति मां विंध्यवासिनी के दरबार में जगमगा रही है। उन्होंने कहा कि बिलाईमाता सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं। माता की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली हुई है।

### देवी मंदिरों में जगमगा रही आस्था की ज्योति





### मां अंगारमोती के दरबार में पांच हजार ज्योति जलाई गई

गंगरेल स्थित आदिशक्ति मां अंगारमोती में नवरात्रि का पर्व भव्य रूप से मनाया जा रहा है। देवी दरबार को विशेष रूप से सजाया गया है। विशाल प्रवेशद्वार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जेएल मरई ने बताया कि माता के दरबार में इंग्लैड तथा ओमान के एनआरआई द्वारा आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित कराई गई है। इसके अलावा ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र, बंगाल के भक्तों सहित स्थानीय ज्योति जगमगा रही है। उन्होंने बताया कि कुल 4920 ज्योति जलाई गई है जिसमें तेल की 4137 तथा घी की 784 ज्योति शामिल है।

### ज्योत जंवारा की प्राचीन परम्परा कायम

क्वांर नवरात्रि पर्व पर ज्योत जंवारा की प्राचीन परम्परा आज भी जारी है। कुलदेवी देवता मानने वाले परिवारों में इसे परम्परानुसार मनाया जाता है। हटकेशर बरपारा निवासी प्रेम साहू ने बताया कि तीन पीढ़ियों के बाद कुलदेवी में ज्योत जंवारा पर्व मनाने की परम्परा चली आ रही है। इसी के तहत इस साल परिवार से जुड़े लोगों द्वारा आयोजन किया गया है। नवरात्रि में कुलदेवी के समक्ष जंवारा बोया जाता है, ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। इसकी सेवा के लिए परिवार से साधक नियुक्त किया जाता है। सादे वस्त्र में दिन रात ज्योत जंवारा की सेवा की जाती है। यह परम्परा पीढ़ियों से चली आ रही है।

# अग्रसेन जयंती पर हुआ प्रवेश द्वार का लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अग्रवाल समाज ने नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को भगवान अग्रसेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई। शाम 4.30 बजे अग्रसेन भवन के मुख्यद्वार का लोकार्पण किया गया। इसके बाद बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी रखी गई।

अग्रवाल समाज के आराध्य भगवान अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह 9 बजे नींबू दौड़, बलून दौड़, स्लो साइकिल रेस, रस्साकयी जैसी प्रतियोगिताएं हुई। गुरुवार शाम को 4 बजे आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता हुई। इसके बाद नवनिर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण हुआ। रात में मंचीय कार्यक्रम हुआ, जिसमें अतिथियों ने समाजजनों से एकजुट रहने और समाज को बढ़ाने में भागदारी देने की बात कही।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष दयाराम अग्रवाल, सचिव निर्मल कुमार, प्रदीप अग्रवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल, रमेश लाट, नानकचंद अग्रवाल, रामविलास अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, अनिल मित्तल, ताराचंद गोयल, रामकिशन अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल आदि शामिल थे।

# विद्याकुंज और मेनोनाइट स्कूल बने विजेता

- जिला स्तरीय अंतरशालेय फुटबाल स्पर्धा का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिलास्तरीय अंतरशालेय फुटबाल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में विद्याकुंज लोहरसी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अजीम प्रेम स्कूल शंकरदाह को पराजित किया। यह मैच काफी रोमांचक था। बालक वर्ग में मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल ने अपना दबदबा बनाए रखते हुए नत्थूजी जगताप विद्यालय को 2-1 से पराजित किया।

जिला फुटबाल संघ धमतरी के तत्वावधान में तीन दिवसीय जिलास्तरीय अंतर शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। लंबे समय बाद फिर से इस आयोजन के होने से लोगों ने संघ की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक भावेश साव ने कहा कि खेल में कोई हारता नहीं है। एक जीतता है तो दूसरा सीखता है। विशेष अतिथि जनपद सदस्य पिंकू साहू व व्यायाम शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष हरीश देवांगन ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की। समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर कहा कि इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए। आउटडोर खेलों का स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। आजकल मोबाइल के कारण बच्चों का शारीरिक विकास अच्छे से नहीं हो पा रहा है इसलिए हमें इस बात के लिए प्रयास करना चाहिए। बच्चे खूब खेलें और खेल मैदानों की रौनकता बनी रहे।

इस दौरान जिला फुटबाल संघ के सचिव चंद्रदीप सिंह, हरीश सिन्हा, अमित महोबे, प्रदीप सिन्हा, आलोक मत्स्यपाल, दिनेश साहू, अनिल ठाकुर, गिरीश गजपाल, संदीप सिन्हा उपस्थित थे।

# पुरानी रंजिश पर मां बेटी से की मारपीट

- स्टेशनपारा का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने मोहल्ले की मां-बेटी से मारपीट कर उसे चोट पहुंचाई है। पुलिस के अनुसार स्थानीय स्टेशनपारा निवासी शहना खान पति शहबाज खान उम्र 24 वर्ष मंगलवार की शाम अपने घर में टीवी देख रही थी। उसी समय घर के बाहर राज खान कहकर बार-बार चिल्लाने की आवाज आई। यह सुनकर महिला घर से बाहर निकली। मोहल्ले का दिनेश सोम पुरानी रंजिश को लेकर महिला का हाथ पकड़कर अश्लील गालियां दे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। यह देख महिला की मां प्रतिभा कोर्राम बीच बचाव कर झगड़ा को छुड़ाने के लिए पहुंची। दिनेश ने उसके साथ भी मारपीट की। इस घटना में महिला के बायें हाथ की कलाई व नाक में चोट लगी है। वहीं उसकी मां के पैर, हाथ व जबड़े को चोट आई है। पीड़ित महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दिनेश सोम के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# कोरमुड़ से दुधावा पहुंच मार्ग जर्जर

- कलेक्टर को आवेदन कर सड़क की समस्या से निजात दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बेलरगांव तहसील अंतर्गत जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम कोरमुड़ के लोग सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कोरमुड़ से दुधावा तक पक्की सड़क एवं पुल बनाने की मांग की है।

वनांचल ग्राम कोरमुड़ से पहुंचे ग्रामीण आत्माराम, शैलेंद्र, नरेश, मोतीलाल, गौरीबाई, सांवलीबाई, पूरण सोरी ने सोमवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि कोरमुड़ से दुधावा पहुंच मार्ग की दूरी 3.5 किमी है। यह रास्ता जर्जर होने के कारण आवागमन कठिन हो गया है। कोरमुड़ के 40 बच्चे कांकेर जिले के दुधावा माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पढ़ने जाते हैं। सड़क और पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। इस समस्या से ग्रामीण कई वर्षों से जूझ रहे हैं। शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया है। सन 2023 में कलेक्टर को आवेदन करने पर उन्होंने स्वयं एवं अधिकारियों ने मौका मुआयना कर सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने विकट समस्या का तत्काल निराकरण करने की मांग की है।

# जहर सेवन कर अधेड़ ने दी जान

**धमतरी।** पत्नी की बीमारी से परेशान होकर अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम गुहाननाला निवासी रजऊराम वट्टी पिता दुआरूराम उम्र 58 वर्ष खेती-किसानी का काम करता था। उसकी पत्नी बीते 6-7 महीने से बीमार थी। वह चल-फिर नहीं सकती थी। रजऊराम पत्नी की बीमारी से परेशान रहता था। परेशानी के चलते अधेड़ ने बुधवार को अपने घर में जहर सेवन कर लिया। उसका भाई कुंदनसिंह जब घर आया तो बच्चों ने दवाई की बदबू आने की बात कही। कुंदन ने अपने भाई को नमक पानी पिलाया। पूछने पर अधेड़ ने जहर सेवन कर लेने की बात कही। संजीवनी 108 की मदद से अधेड़ को नगरी अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए रिफर करने पर अधेड़ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बुधवार की शाम इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



**धमतरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर देश, प्रदेश सहित जिले में भी स्वच्छता की शपथ ली गई। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।

## धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू, 31 अक्टूबर तक होगा पंजीयन

# ढाई हजार किसानों का नया पंजीयन, 98% पुराने पंजीयन केरी फारवर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



फाइल फोटो

धान खरीदी के लिए 98 प्रतिशत किसानों का पंजीयन केरी फारवर्ड किया जा चुका है। वहीं ढाई हजार किसानों का नया पंजीयन भी हो चुका है। पंजीयन 1 जुलाई से शुरू था, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद धान खरीदी शुरू कर दी जाएगी।

खरीफ फसल अपने अंतिम चरण पर है। अर्ली वेरायटी का धान पककर तैयार है, जिनकी कटाई दीपावली से पहले ही निबट जाएगी। लेट वेरायटी के धान की कटाई दीपावली के बाद होगी। उधर शासन से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए भी तैयारी शुरू कर दी गई है। जिन किसानों के खाते में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ है, उनका पंजीयन केरी फारवर्ड किया जा रहा है। अब तक 97.63 प्रतिशत किसानों का पंजीयन केरी फारवर्ड किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार पिछले साल कुल 1 लाख 25 हजार 736 किसानों का पंजीयन धान खरीदी के लिए हुआ था। इनमें से जिन किसानों की जमीन के रकबे में परिवर्तन, नामांतरण, बंटवारा आदि नहीं हुए हैं, ऐसे 1 लाख 21 हजार 240 किसानों का पंजीयन केरी फारवर्ड किया जा चुका है। नाममात्र किसानों का पंजीयन केरी फारवर्ड करना शेष है, जिसे शीघ्र ही निबटा लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 2 हजार 502 किसानों का नया पंजीयन हुआ है।

### ऑनलाइन गिरदावरी की अग्निपरीक्षा

धमतरी में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत इस साल ऑनलाइन गिरदावरी की जा रही है। धान खरीदी तो ऑफलाइन गिरदावरी के आधार पर की जाएगी, लेकिन ऑनलाइन गिरदावरी से भी मिलान किया जाएगा। ऐसे में इस साल ऑनलाइन गिरदावरी की एक्यूरेंसी का पता लग जाएगा। यदि ऑनलाइन गिरदावरी सफल होती है तो आने वाले साल में ऑनलाइन गिरदावरी ही की जाएगी। धान खरीदी 1 नवम्बर से शुरू होगी। इससे पहले टोकन काटना शुरू कर दिया जाएगा।

### वन अधिकार पत्रों में सुधार

वन अधिकार पत्रों के खेतों से भी धान की खरीदी की जा रही है। वन अधिकार पत्रधारी कई किसानों की मौत हो चुकी है। उनके वंशज इन खेतों में धान उगाते हैं। अब वन अधिकार पत्र में नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए राजस्व ग्राम में तहसीलदार और वनग्राम में रेंजर को अधिकार दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वन अधिकार पत्र धारकों की मृत्यु, फौत होने पर वारिसानों के अधिकार हस्तांतरण संबंधी कार्यवाही जैसे नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, त्रुटिसुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

अंशकालीन सफाई कर्मचारियों का आरोप : काम चार घंटे और मानदेय दो घंटे का दिया जा रहा

# मानदेय जल्द नहीं मिलने पर कंडेल से पदयात्रा निकालकर सामूहिक आत्महत्या की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूलों में सफाई व्यवस्था के लिए अंशकालीन सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की है। सफाई कर्मियों से सुबह दो घंटे और शाम को दो घंटे काम लिया जाता है। लेकिन धमतरी जिले में कार्यरत स्कूल सफाई कर्मियों को सिर्फ दो घंटे का ही मानदेय दिया गया है। जिसे लेकर स्कूल सफाई कर्मचारी संघ में काफी नाराजगी है। वहीं जल्द मानदेय नहीं देने पर सामूहिक आत्मदाह करने की चेतावनी शिक्षा विभाग को दी है। इस संबंध में स्कूल सफाई कर्मचारियों ने कुरुद बीईओ कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।




दरअसल धमतरी जिले के शासकीय स्कूलों में करीब 14 सौ सफाई कर्मी कार्यरत हैं। सफाई कर्मियों ने बताया कि उन्हें वर्ष 2013-14 का मानदेय नही मिला है जिसकी कुल राशि करीब ढाई करोड़ रूपये है। बताया कि शिक्षा विभाग से कई बार शिकायत के बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। ऐसे में मानदेय के लिए उन्हें दफ्तरों का चक्कर काटना पड़ रहा है। साथ ही उनका का आरोप है कि शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल प्रबंधकों पर दबाव डालकर प्रमाण पत्र मंगाया जा रहा है कि सफाई कर्मचारियों द्वारा अतरिक्त काम नहीं किया गया है। वहीं कर्मचारियों ने 5 अक्टूबर तक मानदेय नहीं मिलने पर 21 अक्टूबर को ग्राम कंडेल से पदयात्रा निकालकर जिला शिक्षा विभाग कार्यालय के सामने आत्मदाह करने के चेतावनी दी है।

इस दौरान ज्ञापन सौंपने स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष नूतनकुमार साहू, हीरालाल, टिकेश्वर साहू, डाकेश्वर पटेल, धर्मेंद्र कामड़े, सन्तोष साहू, राधेलाल साहू, चोवाराम साहू, ललित यादव, बृजलाल यादव, भूपेद्र साहू सहित बड़ी संख्या में स्कूल सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## गांव के चौक-चौराहों, देवस्थलों की सफाई की






■ संकरी में गांधी जयंती पर साहू समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्रामीण साहू समाज संकरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई। महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पूजन कर नमन किया। माता कर्मा की भी पूजा की गई। इस दौरान बताया गया कि महात्मा गांधी अपने जीवन में समाज, देश में स्वच्छता को काफी महत्वपूर्ण मानते थे। समाज के लोगों ने स्वच्छ भारत मिशन में अपना योगदान दिया। गांव के विभिन्न प्रमुख स्थानों, देव स्थल, सामाजिक भवन कला मंच, चौक-चौराहों की साफ-सफाई की गई।

मौके पर ग्रामीण साहू समाज के संरक्षक पवन साहू, रामखिलावन साहू, दीनदयाल साहू, साहू समाज के अध्यक्ष कमल साहू, सचिव योगेश साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष डॉ जीवन साहू, नेतराम साहू, उमेश साहू, यादराम साहू, पवन साहू, पोखन साहू, दीपक साहू, नंदकुमार साहू, संतोष साहू, राजूराम साहू, भूखऊराम साहू, रामकृष्ण साहू, नरसिंह साहू, तीरकुमार साहू, पीतांबर साहू, लोकेश साहू, हस्त कुमार साहू, हरिचंद साहू, जगदीश बेरवा, तुलसी विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## जलवायु परिवर्तन का धरती पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

■ बेदवापथरा के स्वच्छता अभियान में 100 छात्र छात्राएं व अध्यापक और ग्रामीणों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

स्वच्छता ही सेवा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड द्वारा प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय बेदवापथरा में आयोजित किया गया। स्वच्छता अभियान में 100 छात्र छात्राएं व अध्यापक और ग्रामीणों ने भाग लिया। मैनेजर उमेश कुमार ने बताया कि बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन का धरती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे खेती और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने पारंपरिक पौधों की विलुप्ति की समस्या पर भी ध्यान केंद्रित किया और कहा कि इन्हें बचाने के लिए पौधारोपण आवश्यक है।



कार्यक्रम में दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड भारतमाला प्रोजेक्ट के वरिष्ठ प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, राजेंद्र धाकड़ सीनियर मैनेजर, उमेश कुमार सुरक्षा प्रबन्धक, अरविंद यादव, सुनील कुमार, राजकुमार सिंह, मनीष कुमार, संजय मिश्रा, लोकेश आर्य, हिमाशु सिंह, अध्यापिका राजकुमारी उईके, लालकृष्ण मांडवी, कृष्णलाल भारती, संजय सोनवानी तथा ग्रामवासी नवल बाई, सागरो बाई, प्रेमलता मांडवी उपस्थित थे।

## मरौद के मानस दर्शन ने केशकाल में दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम मरौद से संचालित मानस दर्शन जीवन अर्पण के संस्थापक दीपक गुहा के निर्देशन में मानस मंथन 4.0 पितृ देवो भव, अलंकरण व सम्मान समारोह का आयोजन बोरगांव केशकाल में किया गया। अयोध्याधाम से ब्रह्मर्षि सियारामशरण महाराज की उपस्थिति में दिव्य प्रवचन व विभूतियों को अलंकृत किया गया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से मानस मंडलियों की सांगीतिक प्रस्तुति हुई। परिणाम घोषित कर विजेता मंडलियों को पुरस्कार वितरित किया गया।




इस आयोजन में राजमानस संघ धमतरी, तुलसीमानस प्रतिष्ठान छग, मां कौशल्या मानस संघ रायपुर, राजीव लोचन मानस संघ गरियाबंद, जिला मानस संघ दुर्ग, बेमेतरा, महासमुंद, किंकर मानस परिषद छग ने प्रस्तुति दी। इस कार्य के लिए मां शीतला समिति बोरगांव केशकाल के आयोजकों ने मानस मंडलियों का विशेष सम्मान किया व बस्तरिहा लोक संस्कृति का प्रतीक, मोमेंटो अभिनंदन पत्र भेंट किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नीलकंठ टेकाम रहे। साथ ही पूर्व सांसद मोहन मंडावी, भूपेश चन्द्राकर, राजकिशोर राठी, रमेश पोयम, राजेश गंधर्व, अर्जुनपुरी गोस्वामी, गोपाल वर्मा, मुन्नालाल देवदास, नारायण साहू, ठोकेलाल देवांगन, निर्णायक नीलकंठ ठाकुर, महेंद्र साहू, प्रवीण अग्निहोत्री, विनय ताम्रकार, संगीता राजपूत, कुंभकरण सिंहा, आत्माराम साहू, भूपेश बनपेला, धनेश वर्मा, अंजलि गुहा, नूतन साहू, विनीता धीवर, सविता सोन, सरस्वती साहू, प्रतिभा साहू, वंदना साहू, कल्याणी सेन, संजना सिन्हा, महेश्वरी वर्मा, दीप्ति पांडे उपस्थित रहे।

## फ्रेशर पार्टी में नए छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत



**कुरूद**। संत गुरुघासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में एमए (राजनीति विज्ञान) तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा अपने कनिष्ठ छात्र-छात्राओं के लिए वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। पुराने विद्यार्थियों ने नए विद्यार्थियों के लिए विविध मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित कर उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। सोमवार को प्राचार्य डॉ डी.के. राठौर और विषय शिक्षिका श्रीमती घृतलहरे एवं श्रीमती खान के मार्गदर्शन में फ्रेशर कांटेस्ट आयोजित किया गया जिसमे रैम्प वॉक, कुर्सी दौड़, स्लो डांस, साड़ी पहनकर डांस, विभिन्न गीतों की गायन व नृत्य के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपनी खुशियां जाहिर की। कार्यक्रम में गोपेंद्र, बलराम, चित्रसेन, टेपचंद, मिथिलेश, राम, चित्रकला, मीनाक्षी, खुशबू, धनेश्वरी, जयंती, गोपिका, डेमेशवरी, नीरा, यशोदा, शोभिका, कोशमी शामिल हुए।

## हैप्पीनेस प्रोग्राम में ग्रामीणों ने सीखी सुदर्शन क्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

■ संस्था द आर्ट ऑफ लिविंग ने किया आयोजन

द आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कुरूद द्वारा मंगल भवन भखारा में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसका लाभ अनेक लोगों ने लिया। श्रीश्री रवि शंकर द्वारा डिजायन किए गए इस कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 8 बजे तक योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया। अस्तित्व के सात स्तर , ऊर्जा के स्रोत व जीवन जीने की चाबी को प्ले वे पद्धति से सिखाया गया। कार्यक्रम के शिक्षक तामेश्वर साहू, हिरेन्द्र साहू, बसंत बैस ने बताया कि जन्म लेते ही जो सबसे पहले काम हमने किया है



वह है सांस लेना। सांस में जीवन के अनेक रहस्य छिपे हैं। सुदर्शन क्रिया श्वास की लयबद्ध अद्भुत तकनीक है जिसके प्रयोग से शरीर, मन और भावनाओं को एक लय में लेकर आते हैं।कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव भी सुनाये। सत्संग का आयोजन भी हुआ।

कार्यक्रम में नवल सिंह सोन, हरीश साहू, हरख जैन, प्रतिभा केला, रोशन केला, लीलाधर साहु, पंकज, चतुर साहू, युगेश, गुलशन कोरे, घनश्याम साहू, सीताराम, विजय सिंह सोन , अतुल बैस, बीरेंद्र बैस, लेखराम साहू, खोमिन साहू, प्रियंका सुखदेवे, लोकेश्वर, डॉ. संतोष साहू, प्रवीर नेताम, हरीश साहू ने भाग लिया। आयोजन में डाली यादव, गोविन्द यादव का विशेष सहयोग रहा।

## स्वच्छता मैराथन दौड़ में राजवीर, जागृति अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

डीजी ट्रेंनिंग अकादमी कोर्रा के तत्वावधान में महात्मा गांधी की जयंती एवं अकादमी के प्रथम स्थापना दिवस स्वच्छता मैराथन दौड़ का आयोजन स्कूल ग्राउंड कोर्रा में किया गया। इसमें कुल पचास खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधीजी की पूजा-अर्चना एवं मार्चपास्ट, मशाल ड्रील के साथ किया गया।

मैराथन दौड़ बालक वर्ग में 4 किमी एवं बालिका वर्ग में 3 किमी रखी गई। बालक वर्ग में प्रथम राजवीर, द्वितीय कीर्तन, तृतीय यदुनंदन और बालिका वर्ग में प्रथम जागृति साहू, द्वितीय भाविका निषाद, तृतीय हिना सिन्हा ने स्थान अर्जित किया। प्रथम इनाम 1 हजार, द्वितीय इनाम 5 सौ रुपए, तृतीय इनाम 2 सौ रुपए समेत मैडल, शील्ड, टी शर्ट दिया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच चोवाराम साहू थे। अध्यक्षता अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पुरूषोत्तम निषाद शिक्षक, बीआर साहू सेवानिवृत्त ग्रामसेवक, छत्रपाल साहू शिक्षक, सत्यवान साहू शिक्षक, भोजराम साहू शिक्षक, जोहत राम साहू, समीर फ्रीडम अकादमी भखारा थे। मौके पर अकादमी के प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू, सहायक देवेश सेन, वरुण, करण, हिना, होमेश्वरी, हिनेश्वरी, कुसुम, छाया, गीतांजलि, विभा, नंदिनी नूतन उपस्थित रहे।

रैली निकालकर ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

# आमदी कालेज के छात्रों ने की गंगरेल बांध में साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डां श्रीदेवी चौबे के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में रविशंकर शुक्ल जलाशय गंगरेल बांध में राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम अंतर्गत महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत गंगरेल में स्वच्छता





रैली, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता हेतु शपथ एवं मिनी गोवा व आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। इस दौरान लगभग 40 किग्रा प्लास्टिक, डिस्पोजल व अन्य प्लास्टिक को इकट्ठा कर डिस्पोज किया गया। इसके साथ ही 5 एवं 6 अक्टूबर को होने वाले देश के सबसे बड़े जल-जगार महोत्सव की तैयारी हेतु विभिन्न कार्यों में सहयोग प्रदान किया। स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि हमें अपने स्वभाव व आचरण में स्वच्छता को अपनाना होगा। इसके लिए घर, आसपास के क्षेत्र की सफाई के साथ ही शिक्षण संस्थान व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की आवश्यकता है। इस दौरान गंगरेल सरपंच रमेश खांड़े एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सरपंच ने आमदी कालेज द्वारा गंगरेल बांध में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान की सराहना की। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल, अतिथि प्राध्यापक गोपाल देवांगन व अनेक जनप्रतिनिधि ने स्वयंसेवकों के साथ श्रमदान किया। सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद ने स्वयंसेवकों के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में लगभग 55 स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

## सरबदा में डीजे डांस प्रतियोगिता 8 को

**जीजामगांव**। ग्राम सरबदा में 8 अक्टूबर को डीजे डांस प्रतियोगिता रखी गई है। सामूहिक डांस में प्रथम इनाम 10000 रूपये, द्वितीय 6000, तृतीय 3000, चतुर्थ 2000, पंचम 1000, प्रवेश शुल्क 200 रूपये, युगल डांस में प्रथम इनाम 4000 रूपये, द्वितीय 3000, तृतीय 2000, चतुर्थ 1500, पंचम 1000 रूपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क 150 रूपये है। इसी तरह एकल डांस में प्रथम इनाम 3000 रूपये, द्वितीय 2000, तृतीय 1500, चतुर्थ 1000 एवं पंचम इनाम 700 रूपये हैं। प्रवेश शुल्क 100 रूपये रखा गया है। प्रतियोगिता की तैयारी में संतराम साहू, जगदीश, धर्मेंद्र एवं कृष्णा जुटे हैं।

## अंचल की खबरें

### दरबा में गांधी जयंती पर ग्रामीणों ने किया श्रमदान



**जीजामगांव**। गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत दरबा में साहू समाज एवं ग्रामवासियों ने श्रमदान कर बाजार चौक की साफ-सफाई की। सरपंच श्रीमती सीमा बघेल ने गांधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्वनाथ साहू, देवकरण साहू, योगेश साहू, हेमलाल साहू, दूजराम साहू, त्रिभुवन साहू, रमऊराम साहू, गुहलेद साहू, गिरवर साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पदोन्नति में आरक्षण को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन



**कुरूद**। अजाक्स कुरूद के तत्वावधान में पदोन्नति में आरक्षण को लेकर एसडीएम कुरूद को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर अजाक्स के जिला संगठन मंत्री मनोज टंडन, प्रेम ठाकुर, देवेन्द्र मंडावी, राज टंडन, हीरालाल ध्रुव, डीगेन्द्र कंवर, सूरज डहरे, गुहलेद जोशी, रविन्द्र दीवान, उत्तरा कोसरिया, श्री नरेटी , मोहित ध्रुव उपस्थित थे।

### प्रतिभावान छात्राओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**बगदेही(धमतरी)**। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान कार्यक्रम धमतरी में आयोजित किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के तानिया, सानिया, खिलक्ची, गणिका, किरण का निबंध, ग्रीटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता में चयन हुआ। सम्मान समारोह में छात्राओं को कलेक्टर ने प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्वच्छता प्रभारी लोकेश्वरी सोन के नेतृत्व में बच्चों ने सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य आरके बघेल समेत शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

### गांधी जयंती पर गांव में स्वच्छता अभियान चला



**नगरी**। महात्मा गांधी की जयंती पर ग्रामीण साहू समाज नगरी की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। सामाजिक भवन के आस-पास साफ सफाई की गई। मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, सचिव संतोष साहू, सहसचिव हरीश शर्मा, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेन्द्र साहू, प्रकाशलोचन साहू, घनश्याम साहू, महिला परिक्षेत्र अध्यक्ष चिलेश्वरी साहू, ग्रामीण महिला अध्यक्ष अनसुइया साहू अन्य मौजूद रहे।

### जोरातराई में मनाई गांधी-शास्त्री की जयंती



**अंवरी**। ग्राम जोरातराई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। छोटे से बालक को गांधी बनाकर मोहल्ले का भ्रमण कराया गया। मौके पर जनपद पंचायत सभापति परमेश्वरी महेंद्र साहू, सरपंच खिलावन पाल, पंच उत्तम साहू, पीतांबर निषाद, पूर्व सरपंच टेकराम साहू, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, बीरसिंह निर्मलकर, नंद कुमार साहू, छविराम साहू, भानुप्रताप साहू, छबि साहू, गोविन्द सिंह राजपूत, विमल साहू उपसरपंच, घसियाराम कुर्रे, पंच उत्तम, शिव देवांगन, राजेन्द्र साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### साहू समाज ने की सार्वजनिक स्थल की सफाई



**जीजामगांव**। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता अभियान के तहत साहू समाज जीजामगांव द्वारा सार्वजनिक चौक चौराहों, गलियों, तालाबों, घाटों, श्मशान घाट की साफ-सफाई की गई। इससे गांव की एकता अखंडता एवं सामाजिक समरसता, सद्भाव देखने को मिला। इस अवसर पर अध्यक्ष कार्तिक राम साहू, इंद्रमण साहू, अरुण साहू, शेषनारायण साहू, पुरानिकराम साहू, नारद राम साहू, दीनूदास बघेल, उत्तम पटेल, चेतन पटेल, प्रीतम, जैतकुमार, लीलाराम, संतू, प्रवीण, रामजग, परस, हिरेन्द्र, पुनीत, खेलू, नंदू का विशेष योगदान रहा। प्रत्येक रविवार को यह अभियान चलेगा। यह जानकारी संतराम साहू ने दी है।

### सांकरा में चलाया गया सदस्यता अभियान

**नगरी**। पूरे देश में भाजपा द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता हितेश, महेश सिन्हा ने सांकरा में सदस्यता अभियान चलाकर भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति को बताकर सदस्यता ग्रहण कराई। मौके पर बजरंग दल संयोजक सांकरा प्रवीर साहू, जिरेन्द्र साहू, चंद्रकांत, प्रताप साहू, लिलेश साहू, देवेंद्र पटेल, दीपक पटेल, विमला साहू, कमितला साहू उपस्थित थे।

कुरुद सहित ग्रामीण क्षेत्र का माहौल हुआ भक्तिमय

# मंदिरों में जले ज्योत, पंडालों में विराजीं मां दुर्गा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

त्याग, उपासना, व्रत का महापर्व शारदीय नवरात्रि बुधवार से प्रारंभ हुआ। नगर के लगभग सभी पंडालों में मां भवानी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। वहीं मंदिरों में आस्था के दीप पूरे विधि-विधान से प्रज्वलित किए गए। महिला व पुरूषों ने व्रत रखकर जहां सुख समृद्धि की कामना की, वहीं मंदिरों में माता के जयघोष से पूरा परिसर गूंजता रहा।

नवरात्रि पर्व के पहले दिन सुबह से मंदिरों के पट खोल दिए गए थे। सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही दुर्गा



सप्शती का पाठ किया गया। नगर के मां चण्डी मंदिर, काली मंदिर, छग महतारी मन्दिर, शीतला मंदिर, गायत्री मंदिर, सतबहनिया मंदिर, दुर्गा मंदिर में शुभ मुहूर्त के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। पंडित ओमप्रकाश तिवारी, सतीश शर्मा, कमलेश तिवारी ने बताया कि नवरात्रि नवरात्रों का वह समूह है जिसमें मां भगवती महामाया की विशेष आराधना की जाती है। शारदीय नवरात्रि पर्व पर की गई पूजा-अर्चना, आराधना का अपना विशेष महत्व है। नवरात्रि को सुख, समृद्धि, धन, वैभव, आरोग्य, शरीर, संतान, आत्मिक शांति व मोक्ष प्राप्ति करने वाला पर्व माना गया है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा की आराधना कर एक समय फलाहार करते हुए ब्रह्मचर्य का पालन करना आवश्यक होता है।

### प्रतिमा ले जाने सुबह से भीड़ लगी

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के चौक-चौराहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। सुबह से ही कुम्हार पारा परखन्दा में प्रतिमा ले जाने के लिए लोगों की भीड़ देर शाम तक उमड़ी रही। वहीं दुकानों में मां दुर्गा के साज श्रृंगार के लिए सामानों की मांग बनी रही। ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग जसगीत व भजन कीर्तन करते हुए मां की प्रतिमा को ट्रेक्टर व अन्य साधनों से लेकर गए।

## कांग्रेसियों ने गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद स्थित कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए जयंती मनाई। दोनों महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि गांधीजी व शास्त्रीजी देश ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके त्याग, तपस्या व बलिदान के स्वरूप ही देश को आजादी व दिशा मिली। दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग सत्य, अहिंसा, त्याग, भाईचारा के सिद्धांत पर चलकर ही हम देश को मजबूत व बेहतर बना सकते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, गीताराम सिन्हा, रमेश्रर साहू, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान, जिपं सभापति तारिणी नीलम चन्द्राकार, नपं अध्यक्ष तपन चन्द्राकार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व एल्डरमैन मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता योगेश चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री कृष्ण कुमार साहू, लव चन्द्राकर, चन्द्रप्रकाश देवांगन, रामप्यारे साहू, संतोष प्रजापति, रुद्रनाथ साहू, तुलसीराम साहू, जितेन्द्र साहू, पंकज जोशी, लेखराम साहू, सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

## शिक्षा, संस्कार एवं नशामुक्त जीवन से ही समाज का विकास

- पटेल समाज बगौदराज की कार्यकारिणी बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)



मरार पटेल समाज बगौदराज की कार्यकारिणी बैठक सामुदायिक भवन रेलवे स्टेशन पारा चरमुड़िया में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मां शाकंभरी एवं श्रीराम की महाआरती से हुई। समाज के अध्यक्ष सियाराम पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में एकता, अखंडता एवं समरसता बनाने के लिए सबकी भागीदारी आवश्यक है। युवाओं एवं महिलाओं को समाज की नियमावली एवं आचार संहिता का अध्ययन अवश्य करना चाहिए जिससे समाज विकास के लिए प्रोत्साहित हो। शिक्षा, संस्कार, चरित्र निर्माण एवं नशामुक्त जीवन से ही युवाओं का संपूर्ण विकास संभव है। इस दौरान समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन व पुस्तिका प्रकाशन हेतु परिचय डाटा संग्रहण की अपील की गई। सिहादभाठा में निर्माणाधीन बगौद राज मुख्यालय सामाजिक भवन का निर्माण एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस बैठक में प्राप्त आवेदनों का उचित समाधान किया गया। सामाजिक रीति-नीति के बारे में चर्चा की गई।

बैठक में बगौद राज अध्यक्ष सियाराम पटेल, सभापति रामकुमार पटेल, उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, संरक्षक तुकाराम पटेल, सचिव अर्जुन पटेल, कोषाध्यक्ष विमल पटेल, उपकोषाध्यक्ष घासु पटेल, सलाहकार दूजराम पटेल, हिच्छाराम पटेल, हुलास पटेल, किशोर पटेल, देवनाथ पटेल, देवचरण पटेल, गैंदूराम पटेल, भूपेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, निर्मल पटेल, हेम पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## भेंडसर से मुख्य मार्ग भखारा तक बनेगी ढाई करोड़ की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



विकास और जनप्रतिनिधि एक दूसरे के पूरक होते हैं। क्षेत्र के विकास कार्यों में अगर चुने हुए जनप्रतिनिधि अगर ईमानदारी से मेहनत कर प्रयास करे तो कोई भी विकास कार्य से गांव या क्षेत्र अछूता नहीं रह सकता।

जनपद क्षेत्र क्रमांक 18 की जनपद सभापति परमेश्वरी महेंद्र साहू के अथक प्रयास से कई दशकों से सड़क की मांग पूरी हुई है जिसका भूमिपूजन किया गया। सरपंच विकास सिन्हा की मांग पर भेंडसर से मुख्य मार्ग भखारा समीर ढाबा तक का ढाई करोड़ रुपए की लागत से 3 किमी सड़क बनेगी। इस रोड के बनने से मुख्य रूप से किसानों को कृषि कार्यों को करने राहत मिलेगी। भखारा रायपुर रोड तक जाने में आसानी होगी। इस पर ग्रामवासियों ने जनपद सभापति का आभार माना।

### साहू समाज ने किया वृद्धजनों का सम्मान

**धमतरी।** जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम रुद्री में वृद्धजनों की पूजा-आरती कर फल, साड़ी, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि बुजुर्ग हमारे लिए ईश्वर का अवतार होते हैं। उनका आशीर्वाद सदैव हमारे साथ होता है।

## बस स्टैंड में ऑटो यूनियन भवन का लोकार्पण



- महापौर ने आटो यूनियन के सदस्यों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नया बस स्टैंड में ऑटो ओनर्स एसोसिएशन के भवन का लोकार्पण महापौर विजय देवांगन, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, पार्षद दीपक सोनकर ने किया।

इस अवसर पर महापौर विजय देवांगन ने कहा कि इस भवन का लोकार्पण से ऑटो यूनियन के सदस्यों को गर्मी और बारिश के दिनों में इधर -उधर बैठने की परेशानी से राहत मिलेगी और आटो यूनियन चलाने में बेहतर सुविधा होगी। राजेश ठाकुर ने कहा कि महापौर शहरवासियों के हित के लिए एक से बढ़कर एक कार्य कर रहे हैं। बस स्टैंड के चालकों की पीड़ा को गंभीरता से लिया और उनके लिए भवन बनवाया। इस दौरान महापौर श्री देवांगन ने बस स्टैंड में ऑटो यूनियन के सभी सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। मौके पर ऑटो ऑनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष साहिल अहमद, निशांत, करुणा करण, राहुल गुप्ता, नेतराम वर्मा, कोमल साहू, मोहन रजक, संतोष यादव, संतोष अहिरवार, नेतराम निर्मलकर, साबिर अहमद, रामकुमार यादव, संजू नामदेव, देवेश सोनी, विक्रांत साहू, मोहम्मद ताज, शीतल राजकुमार, ध्रुवंशी रामदास, महेश साहू, नरेश साहू, महेश्वर साहू, सद्दाम, जावेद, समद, सुरेश साहू, शिवम उपस्थित थे।

## पूर्व जिलाध्यक्ष ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए दिए सुझाव



- झरिया गंधर्व समाज की बैठक में कई विषयों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

झरिया गंधर्व समाज की बैठक जिलाध्यक्ष दीनदयाल गंधर्व की अध्यक्षता में मगरलोड क्षेत्र में रखी गई जिसमें कई विषयों पर चर्चा की गई। जिला स्तरीय सम्मेलन में पारित प्रस्तावों की जानकारी दी गई।

जिला समाज की नियमावली के अनुरूप रहने का संकल्प लिया गया। जिला सचिव वासुदेव मरकाम द्वारा आय -व्यय की जानकारी दी गई। पूर्व जिलाध्यक्ष गणेशराम नागर्ची ने उद्बोधन समाज को आगे बढ़ाने के लिये विशेष सुझाव दिए। बैठक में पूर्व जिला सलाहकार शंकरलाल देवदास, सिहावा क्षेत्र अध्यक्ष गणेशराम टान्डेश, मोहलई क्षेत्र अध्यक्ष राजकुमार चालकी, मगरलोड क्षेत्र अध्यक्ष दुलार सिंह गनियार, कोषाध्यक्ष हरेन्द्र टान्डेश, संरक्षक रामकुमार सलाहकार मोहन जालेश, बृजभूषण बघेल, सेवाराम बघेल, बसंत टान्डेश, देवनाथ, कोमल, प्रेमलाल, गन्नूराम, रामकृष्ण चंद्रवंशी जुगलाल, जीवनलाल, बीरबल सोनवानी, ललिता बाई, दुलारी बाई, महेश्वरी बाई, जानकी बाई, कौशल्या बाई, भूमिका बाई, चमेली बाई, सुमित्रा बाई समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## स्वयंसेवकों ने किया वृद्धजनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शाउमावि पचपेड़ी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया। स्वयंसेवक लीनिमा वैष्णव ने वृद्धजन को ज्ञान एवं अनुभवों का खजाना बताकर सदैव उनके प्रति सम्मान रखने की बात कही। पारसमणि साहू ने रक्तदान को जीवनदान बताकर इनसे होने वाले शारीरिक फायदे को गिनाया और ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्राचार्य आर कोसरे ने स्वच्छता पखवाड़ा पर किए गए कार्यों की प्रशंसा की। स्वयंसेवकों को डायरी, पेन तथा सफेद टोपी पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू, साहूकार साहू, भारतीय जूनियर रेडक्रास के काउंसलर मेघराज साहू, बसंत साहू, कमलेश कंवर, हरिश्चंद्र पटेल, बी एल टंडन, स्काउट मास्टर मिथिलेश सिन्हा, प्रदीप मानिकपुरी, मीना सिन्हा, पुष्पलता ठाकुर, जानकी वर्मा, व्यायाम शिक्षक सुरेश निषाद, जेआर साहू, विज्ञान सहायक प्रमिला बारले एवं हेमेंद्र मेश्राम सहित लगभग 90 स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा और एक पेड़ मां के नाम हुआ कार्यक्रम



**मगरलोड।** भारतमाला सड़क परियोजना में कम्पनी दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के कैम्प ग्राम गोंदलानाला में स्वच्छता ही सेवा और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय बेधवापथरा पंचायत (खैरभरी) स्कूल के छात्र, छात्रायें व अध्यापक सम्मिलित हुए। स्वच्छता और पर्यावरण पर प्रतियोगिता हुई। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वालों बच्चों को दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक मनीष तिवारी व वरिष्ठ प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, कंस्ट्रक्शन मैनेजर आरपी सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस मौके पर दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के अधिकारी अरुण सोलंकी, राजेन्द्र सिंह धाकड़, श्रवण दुबे, सुरक्षा प्रबंधक उमेश कुमार, सुनील कुमार, अरविन्द कुमार, विजय सिंह, संजय विश्वकर्मा, संजय मिश्रा, मनीष कुमार व थाना प्रभारी दुगली, सरपंच बेधवापथरा तथा विद्यालय के अध्यापकगण राजकुमारी उईके, लालकृष्ण मांडवी, कृष्णलाल भारती, संजय सोनवानी समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**धमतरी।** गांधी जयंती पर तहसील आफिस के पास गांधी चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, अशोक सिन्हा, सीमा चौबे, डीपेंद्र साहू, मुकेश शर्मा, कैलाश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



**धमतरी।** सुबह की सैर ग्रुप द्वारा गांधी जयंती पर कम्पोजित बिल्डिंग प्रांगण में साफ सफाई एवं पौधरोपण किया गया। मौके पर ग्रुप सदस्य जेआर साहू, संतराम कमलवंशी, दूजराम सोनकर, सूर्यप्रकाश जोशी, भारतभूषण साहू, महेन्द्र साहू, रिखीराम साहू, रविन्द्र सिंग, बीएल साहू, सुबोध तिवारी, प्रेमलाल साहू, रेखराम बारदे, भरतभूषण ध्रुव मौजूद रहे।

### मनरेगा मेट संघ ने मनाई महात्मा गांधी जयंती



**डांडेसरा।** प्रशिक्षित मनरेगा मेट संघ कुरुद ब्लाक की बैठक बगौद में रखी गई। प्रशिक्षित मनरेगा मेट संघ कुरुद ब्लॉक द्वारा मरदेवो मंदिर बगौद में गांधी जयंती मनाई गई। मेटों ने गांधी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर उनकी जीवनी पर चर्चा की। मनरेगा मेट संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए अपने विचार रखे। मौके पर गैंदलाल निर्मलकर अध्यक्ष, शैलेंद्र धनकर सचिव, हरिहर दानी संरक्षक, हितेश साहू मीडिया प्रभारी, रामदयाल साहू मंडरा, सदस्य धनेश्वर आमदे, महेश कमलवंशी, नागवंशी साहू, पदमनी कश्यप उपस्थित थे।

### नवागांव के कर्मा मंदिर में हुई महाआरती



**जीजामगांव।** ग्रामीण साहू समाज नवागांव (कचना) के तत्वावधान में कर्मा मंदिर में महाआरती जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महामंत्री राजेंद्र साहू तहसील भखारा अध्यक्ष कामताप्रसाद साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दमयंती साहू, परिक्षेत्र सेमरा अध्यक्ष होमेन्द्र साहू की उपस्थिति में हुई। प्रमुख वक्ताओं ने सामाजिक संगठन एवं विकास, नारी जागरण, तथा बाल विकास पर समाज को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण सचिव एवं सेमरा परिक्षेत्र के संगठन मंत्री शत्रुहन लाल साहू ने किया। ग्रामीण अध्यक्ष भगवानदास साहू ने सामाजिक एकता पर बल दिया।

### गायत्री शक्तिपीठ में हुआ सामूहिक श्राद्ध तर्पण



**नगरी।** गायत्री शक्तिपीठ नगरी में सामूहिक श्राद्ध पितृ तर्पण का आयोजन हुआ। गायत्री परिवार के परिजन अपने पूर्वज दिवंगत आत्माओं की शांति व सद्गति के लिए उनका स्मरण करते हुए उनके सद्गुणों तथा सत्कर्मों के प्रति श्रद्धा की अभिव्यक्ति करते हुए स्वर्गीय आत्माओं के चरणों पर अपनी सद्भावना के पुष्प चढ़ाए। मौके पर रामकुंवर, रमेश सार्वा, तुलसी देवी, सुरेश नाग, राम बोदेले, गायत्री बोदेले, शशिकला बैरागी, वेदमती गंजीर, अनुसुईया साहू, कुंती साहू, फुलेश्वरी, दिनेश्वरी साहू, करुणा धुव्र मौजूद रहे। कार्यक्रम में जयश्री अग्रवाल का गर्भ संस्कार एक कुंडीय गायत्री यज्ञ के साथ संपन्न किया गया। कर्मकांड पुरोहित पोषणलाल पटेल ने किया। इस आयोजन में उधो साहू, साधना अग्रवाल, रिकेश्वरी साहू, तीरथ साहू, दिनेश्वरी साहू, कपिल साहू, मोंटू साहू, शान्ति नेताम का सहयोग रहा।

### महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में चला स्वच्छता अभियान

**नगरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत अभियान के सपने को साकार करने गांधी जयंती पर महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय नगरी के पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं द्वारा कार्यालय परिसर के साथ ही आसपास साफ-सफाई की गई। मुहल्ले की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर इस अभियान में अपनी सहभागिता प्रदान की। गली, चौक-चौराहों, मुहल्ले को स्वच्छ रखने लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी सोमेंद्र साहू, पर्यवेक्षक नगरी चेमिन साहू, साधना बोदले, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी साहू, दयमंतीन साहू, खिलेश्वरी, ऋषि साहू, सुशीला गिरी, सहायिका नीरा, सियाबती, गोदावरी, जानकी, हेमिन, योगिता उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## गांधी जयंती पर शिवा ने किया रक्तदान



**धमतरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर समाजसेवी शिवा प्रधान ने 36 वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था। उन्होंने राजनीतिक और गुलामी की जंजीर को तोड़कर भारतीयों को आजाद कराया।

## सशिमं कंडेल की छात्रा रिलेरेस में अव्वल रही

**धमतरी।** खंडवा मध्यप्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर कण्डेल की छात्रा पोहमी ढीमर पिता वासुदेव ढीमर ने दौड़ में छग प्रांत का प्रतिनिधित्व किया। रिलेरेस 100, 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर जिलाध्यक्ष ललित सिन्हा, समाजसेवी मोहनलाल साहू, भेदू साहू, पुरुषोत्तम निषाद, आनंद स्वरूप, राजकुमार महंत, थमेश, छबिलाल, जिला समन्वयक थानसिंह साहू, विद्यालय संयोजक गिरधर सार्वा, प्रधानाचार्य भीम साहू, नम्रता साहू समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।



## शंकरदाह में नवरात्रि महोत्सव की धूम

**धमतरी।** जय अम्बे दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्राम शंकरदाह में 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रत्येक दिवस अलग-अलग मंडलियों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। सरपंच नरेन्द्र साहू ने बताया कि 3 अक्टूबर को बाललीला नाट्य मंडली बाजार कुर्रीडीह की प्रस्तुति हुई। 4 को जय मां चण्डी जस मंडली डांडेसरा बालोद, 5 को हरि कीर्तन मानस मंडली भेण्डरी, 6 को श्री राम लखन नाचा पार्टी सोरम, 7 को पंचमी छप्पन भोग, मां शीतला मंदिर में दुर्गा महाआरती, 8 को स्वर संगम पंडवानी पार्टी देवरी-दोनर, 9 को जय मां दुर्गा जस झांकी मंडली बंजारी, 10 को जय मां शारदा रामधुनी मंडली चर्रा, 11 को गरबा ग्राम शंकरदाह द्वारा व अंतिम दिवस पर बाल नाट्य लीला मंडली शंकरदाह की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 3 अक्टूबर को अतिथियों ने किया।

## दानीटोला वार्ड में नशा उन्मूलन रैली निकली

**धमतरी।** दानीटोला वार्ड में अखिल विश्व गायत्री परिवार दानीटोला इकाई गोकुलपुर द्वारा नशा उन्मूलन रैली भक्तिन गुड़ी चौरा से मुख्य गली होते हुए स्कूल चौक दानीटोला तक निकाली गई तथा नशापान के घातक दुष्प्रभाव को बताया।

### चार स्थानों पर की गई है पार्किंग की व्यवस्था

# जल जगार महोत्सव : प्रतिभागी, दर्शक, व्हीव्हीआईपी, व्हीआईपी के लिए रूटचार्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को जिले के पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में जल जगार महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके मद्देनजर जल जगार महोत्सव में आने वाले प्रतिभागी, दर्शक, व्हीव्हीआईपी, व्हीआईपी के लिए रूटचार्ट बनाया गया है। जल जगार महोत्सव में पहुंचने वाले अंबेडकर चौक धमतरी-रूद्री चौक-पहलवान चौक-मरादेव-गंगरेल बस्ती होते हुए जल जगार महोत्सव में पहुंचेंगे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद उसी मार्ग से गंतव्य की ओर जायेंगे।

पार्किंग व्यवस्था 4 स्थानों पर की गई है। जल जगार महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागी एवं दर्शकों के लिए पार्किंग-1 डब्ल्यू.आर.डी.वर्कशॉप के पास गंगरेल कॉलोनी जाने के मार्ग में स्थित मैदान पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। इसमें दोपाहिया वाहन 500, कार, पिकप, ट्रैक्टर्स 100 एवं बस मिनीबस 20 वाहनें पार्किंग की जा सकती है। दूसरी पार्किंग पुलिस ट्रेनिंग सेंटर को बनाई गई है, जिसमें कार, पिकप, ट्रैक्टर्स 200, बस, मिनीबस 100 वाहनों की पार्किंग की जा सकती है। तीसरी पार्किंग अंगारमोती माता मंदिर पार्किंग में व्हीआईपी के लिए बनाई गई है, जिसमें दोपहिया वाहन 1800, कार, पिकप, ट्रेक्टर्स 780, बस, मिनीबस 20 वाहनों की पार्किंग की जा सकती है। साथ ही वाटर स्पोर्ट्स जाने मार्ग बेरियर के पास 50 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। पार्किंग 4 मानव वन एडवेंचर कैंम्प (ऑक्सीजोन) पार्किंग वाटर स्पोर्ट जाने के प्रवेश द्वार के बेरियर की बायीं तरफ व्हीव्हीआईपी के लिए बनाई गई है, जिसमें 50 वाहन पार्किंग की जा सकती है।

इसके अलावा गंगरेल घूमने आने वाले पर्यटकों एवं अंगारमोती माता दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रूट एवं पार्किंग व्यवस्था के तहत भी रूट चार्ट बनाया गया है। इसमें रायपुर, दुर्ग, धमतरी से आने वाले पर्यटक एवं अंगारमोती माता दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु अंबेडकर चौक-रूद्री चौक-पहलवान चौक-बेन्द्रानवागांव-डांगीमाचा-मानव वन ऑक्सीजोन होते हुए गंगरेल पहुंचेंगे। इसी प्रकार कांकेर, बालोद की ओर से आने वाले पर्यटक एवं अंगारमोती माता दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु गुरूर-भटगांव-सोरम-डांगीमाचा होते हुए गंगरेल पहुंचेंगे। पर्यटक एवं श्रद्धालु वापस डांगीमाचा होकर सोरम-गोकुलपुर-अंबेडकर चौक से अपने-अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। गंगरेल घूमने आने वाले पर्यटक एवं अंगारमोती माता दर्शन करने वाले श्रद्धालु के लिए मानव वन एडवेंचर कैंम्प (ऑक्सीजोन) पार्किंग बनाई गई है, जिसमें दोपहिया वाहन एक हजार, कार, पिकअप, ट्रैक्टर्स 200 और बस, मिनीबस 100 वाहनों की पार्किंग की जा सकती है।




## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन निवास करता है : कविता



- तरसींवा में कबड्डी के समापन अवसर पर शामिल हुईं जिपं सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बोल बम कबड्डी दल एवं ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम तरसींवा में किया गया। द्वितीय दिवस समारोह की अतिथि श्रीमती कविता योगेश बाबर सभापति वन समिति जिला पंचायत धमतरी थीं। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि कबड्डी भारत की संस्कृति व परंपरा का बहुत पुराना खेल है। यह विलुप्त की कगार पर था लेकिन आज कबड्डी एक नए स्वरूप में वापस फिर से लोकप्रिय होते जा रही है। मनुष्य को स्वस्थ जीवन जीना है तो खेलकूद एवं व्यायाम को अपने जीवन में अपनाना होगा।

खेलकूद एवं व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दामोदरपुरी गोस्वामी, गुरू गोपाल, पूर्व सरपंच भुवनेश्वर सिन्हा, सुरेंद्र चंद्राकर, मोतीराम साहू, मनोज यादव, अरुण नेताम, नेतराम ध्रुव समेत विकास समिति के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## समझाइश के बाद छोड़ा आबादी जमीन का कब्जा



**नगरी।** गांधी जयंती पर ग्राम परसापानी में ग्रामसभा रखी गई। गांधी जी की पूजा-अर्चना के बाद ग्रामसभा शुरू हुई। इस दौरान आवश्यक निर्णय एवं प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम परसापानी की आबादी जमीन पर अवैध रूप से काबिज कर अतिक्रमण कर रहे लोगों को ग्रामसभा में बुलाकर समझाइश के साथ जमीन छोड़ने एवं उनकी घर वापसी का आवश्यक प्रस्ताव पारित किया गया। सभी बेजा काबिजधारी लोग जमीन छोड़ने एवं अपने मूल घर वापसी का लिखित इकरार दिया। सभा में सरपंच गिरधर मरकाम, ग्रामसभा अध्यक्ष किशोर मरकाम, ग्राम पटेल दिनेश साहू, गोपी मेश्राम, नंदलाल साहू, मन्नू नेताम, मानक साहू, पंच कुलदीप साहू, कुशल मरकाम, नत्थूलाल मरकाम, कन्हैया अगवानी मौजूद थे। आभार व्यक्त ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ग्वाल ने किया।

## स्वयंसेवकों ने एकत्र किये 23 बोरी पॉलीथिन

- कातलबोड़ में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



गांधी एवं शास्त्री जयंती पर स्वच्छता ही सेवा थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम कातलबोड़ में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दिन स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम कातलबोड़ के गली मोहल्लों, चौक चौराहों से 23 बोरी पॉलीथिन का संग्रहण करते हुए नुक्कड़ नाटक द्वारा लोगों को जागरुक किया गया। तत्पश्चात ग्राम के बाजार चौक पर बालसभा का आयोजन किया गया जिसमें गांधी एवं शास्त्री की जीवनी पर आधारित भाषण, गीत, कविता की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास साहू अध्यक्ष जनभगीदारी ने गांधी एवं शास्त्री के जीवन से प्रेरित होकर स्वयंसेवकों को समाज व देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। सरपंच सुनीता साहू ने स्वच्छता अभियान से जुड़कर गांव को स्वच्छ बनाने में अपनी सहभागिता प्रदान करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि परशुराम व गोधन साहू ने स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए युवाओं को देश सेवा के लिए सदैव तैयार रहने की बात कही।

स्वयंसेवकों द्वारा एकत्रित 23 बोरी पॉलीथिन को ग्राम के स्वच्छता मित्र को समुचित निपटान हेतु सौंपा गया। इस कार्यक्रम में तुकेश्वर साहू, मुकेश पटेल, चंद्रहास साहू, चिंता निर्मलकर, मिलन साहू, तेजन साहू, मोतिम साहू, लीलेश्वरी साहू, श्यामलता साहू, डिगेश्वर ध्रुव, कामेश्वर साहू, हेमप्रकाश साहू, नेतराम पटेल, कामदेव साहू, पद्मनी साहू, नीराबाई साहू, मीना साहू, अनसुइया साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भगवान राम का नाम लेते ही शांति का अनुभव होता है : ओंकार



- भोथीपार के अखंड रामधुनी सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम भोथीपार में ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय अखंड रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया गया। झांकी के माध्यम से आराध्य देव-देवता की लीलाओं का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने भगवान श्रीराम के पधारे 25 स्थानों को चिन्हित कर उसका जीर्णोद्धार किया है। सिहावा पर्वत श्रृंखला में स्थित सप्तऋषि आश्रम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सिहावा को राम वन गमन परिपथ योजना में शामिल किया गया। श्रृंगी ऋषि सिहावा पर्वत में श्रीराम की 30 फीट की भव्य प्रतिमा बनाई गई है। आगे कहा कि भगवान राम का नाम लेते ही शांति का अनुभव होता है। मौके पर नीलमणि साहू जोन अध्यक्ष, दयाराम साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, गोपालन पटेल सरपंच, संतोष हिरवानी,श्रीमती पदमा साहू, मुकेश ध्रुव, घासीराम साहू, जीवराज साहू, रंजीत साहू, मुकेश यादव विधायक प्रतिनिधि कुर्रा, धर्मेंद्र पटेल उपाध्यक्ष एनएसयूआई, फलेश साहू, राजू साहू, राधेश्याम यादव, तुकाराम पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कुर्रा, उचितराम साहू, दूजराम साहू, टोमन साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक से दिया प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संदेश

- अज़ीम प्रेमजी हाईस्कूल में मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






शंकरदाह स्थित अज़ीम प्रेमजी हाईस्कूल में गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, कला प्रदर्शनी, हस्त शिल्प प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा ग्राम डोड़की और शंकरदाह में स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भारत के संदेश को ग्रामीणजनों तक पहुंचाया। ग्राम शंकरदाह के कला मंच पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक में शंकरदाह सरपंच नरेंद्र साहू, उपसरपंच अशोक साहू, विद्यालय समिति के सदस्य भानुप्रताप नेताम, बिसराम साहू, यशवंत देवदास और ग्रामीणों का सहयोग रहा। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पालकों के लिए कला प्रदर्शनी और हस्त शिल्प प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। हस्तशिल्प प्रदर्शनी में मिट्टी के खिलौने और मिट्टी से अन्य कलाकृतियों का निर्माण करना सिखाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने भारत की कला और संस्कृति को प्रस्तुत किया। गांधी जी पर आधारित गीतों पर समूह नृत्य हुआ। मलेरिया थीम पर बच्चों ने ड्रामा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कठपुतली शो बच्चों और पालकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

## सांकेतिक भाषा दिवस पर हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**धमतरी।** हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय (बधिर) सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया। अधीक्षक शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय श्रीमती उमा देवांगन ने बताया कि यह दिन बधिर समुदाय की भाषा और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और सुरक्षित रखने के लिए मनाया जाता है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## छिपली में मनाई गांधी-शास्त्री की जयंती

**नगरी।** ग्राम पंचायत छिपली के पंचायत भवन में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। मौके पर सरपंच संत नेताम, उपसरपंच राधाबाई ध्रुव, भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा महामंत्री गुरुप्रसाद साहू, पूर्व सरपंच त्रिभुवन बिसेन, वार्ड पंच गुपेश नवरंग, रुक्मणि कोसरे, लक्ष्मी बोरझरिया, सोनिया सेवई, खेमराज साहू, प्रभु ठाकुर, अमरीका कोसरे, गौरी कोसरे, आरती कोसरे, कलाबाई, पूर्णिमा बिसेन समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



## मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए ग्रामीण रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



कौहाबाहरा-दुगली के ग्रामीण मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए रवाना हुए। जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अजजा मोर्च अध्यक्ष महेंद्र नेताम ने रवाना किया। मौके पर टीम के अध्यक्ष चंद्रहास नेताम, उपाध्यक्ष राजू टेकाम, सचिव हेमा वट्टी, सहसचिव जागेश्वरी टेकाम, खम्मन सेन, गंगाराम मरकाम, जतिनवट्टी, समीर, सत्यनारायण, दुर्गेश्वरी, भोजराज, किशन, मंजु, धनेश्वरी, अहिल्या, विष्णु, मोतीलाल, मनीषा, अनूप, सौरभ, भावेश, सानू, किसन, साधना, नंदनी, जयंत्री, सावित्री, सुनीता, मधुमती, उर्मिला, अजेश्वरी, दिव्या, पूनम मंडावी, कन्हैया, रितु, गिनेश्वरी, सुलेंद्री, रोशन, शिवा, राहुल, कुशल, लक्ष्मी, तोरण, हुलेश, भवानी पदयात्रा के लिए रवाना हुए।

## रासेयो छात्रों ने गांधी जयंती पर निकाली दांडी यात्रा

- कंडेल कॉलेज एवं सेजेस कंडेल ने किया संयुक्त आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय महाविद्यालय कंडेल एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कंडेल की रासेयो इकाई द्वारा गांधी जयंती पर विशाल दांडी यात्रा सहपैदल मार्च का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत विद्यालय परिसर से की गई। आसपास के विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए गांधी उद्यान कंडेल में समापन किया गया। विदित हो कि ग्राम कंडेल का गांधी जी के साथ विशेष संबंध है। दिसंबर 1920 में कंडेल नहर सत्याग्रह के लिए गांधीजी छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में आए थे और कंडेल नहर सत्याग्रह को सफल बनाए थे। इसी क्रम में गांधीजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने रासेयो इकाई द्वारा 15 किलोमीटर दांडी यात्रा का आयोजन किया गया था। दांडी यात्रा का निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी प्रो पीतांबर सिन्हा एवं श्री चोवालाल धीवर द्वारा किया गया जिसमें लगभग 100 स्वयंसेवकों ने भागीदारी की। उन्होंने ग्राम झिरिया में सफाई अभियान चलाते हुए लगभग 2 क्विंटल कचरे का संग्रहण कर उसका उचित निपटान किया। महात्मा गांधी एवं बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो रविशदास ने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा जो सत्य एवं अहिंसा का पाठ पढ़ाया गया था, वह आज की पीढ़ी के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। सेजेस कंडेल के प्राचार्य राहुल नेताम ने कहा कि गांधी जी को स्मरण करने के साथ ही उनके द्वारा सुझाए गए मार्गों पर चलना आवश्यक है। कोमल साहू ने कहा कि रैली निकालकर गांव में गांधी जी के संदेश का प्रसार किया गया। मौके पर अतिथि व्याख्याता मानू नारायण सारथी, टिकेंद्र वर्मा, सविता लहरे, साकेत गंगबेर, भागेशवर लोधी समेत अन्य मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि- स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर